Regarding need to release arrear of payments to farmers cultivating `Moong` and `Chana` in Gangapur Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर)**:** मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिला श्रीगंगानगर और जिला हनुमानगढ़ राजस्थान के मूंग व चना किसानों की ओर आकर्षित करना चाहूंगा जिनका वर्ष 2020-21 का लगभग 2 करोड़ 25 लाख रुपए हिंदुस्तान इंसेंटिसाइड लिमिटेड पर बकाया है और अनेकों बार अनुरोध करने पर भी मेरे संसदीय क्षेत्र के इन किसानों को इस राशि का भुगतान नहीं हो सका है। वर्ष 2020-21 में HIL द्वारा यहां के किसानों से लगभग 868 क्विंटल चना और लगभग 1710 क्विंटल मूंग खरीद की गई थी जिनका भुगतान अभी तक बकाया पड़ा हुआ है। भुगतान के अभाव में इन किसानों की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई है और यह सभी लोग मानसिक और आर्थिक तौर पर बहुत परेशान हो रहे हैं इसी प्रकार वर्ष 2023-24 के लिए भारतीय खाद्य निगम (फूड कॉरपोरेशन आफ इंडिया) के द्वारा खरीदे गए गेहूं की आढ़त राशि का भुगतान भी अभी तक नहीं किया गया है भारतीय खाद्य निगम द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों में गेहूं की खरीद की गई थी जो की 30 जून 2023 को बंद हो गए थे इसके पश्चात व्यापारियों द्वारा आढ़त बिल भारतीय खाद्य निगम के पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड कर दिए थे लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी यहां के व्यापारियों को उनकी आढ़त का भुगतान नहीं हो सका। मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि जल्द से जल्द इस विषय में त्वरित कार्रवाई करते हुए किसानों और व्यापारियों को उनके भुगतान की संपूर्ण बकाया राशि को जल्द से जल्द जारी करने हेतु संबंधित विभागों को समुचित दिशा निर्देश जारी करने का कष्ट करें।